मोरहाबादी के चिल्ड्रन पार्क में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ खोला मोर्चा, झारखंड दौरे को बताया विफल, कहा

# आदिवासियों के असल मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं नरेंद्र मोदी

**विशेष संवाददाता। रांची**

रांची के विभिन्न आदिवासी संगठन और उसके अगुवागण ने पीएम मोदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. रविवार को मोरहाबादी के चिल्ड्रन पार्क में विभिन्न आदिवासी संगठनों की बैठक हुई. बैठक के बाद आयोजित एक पत्रकार वार्ता में इन्होंने बताया कि झारखंड में लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अदिवासी नाराज क्यों नाराज है. इन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को विफल बताया. उनके भाषण सुनकर आदिवासी संगठनों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अदिवासी मूलवासी लोगों को असली मुद्दों से भटकाने के लिए झूठ और घृणास्पद भाषण का सहारा ले रहे हैं. बैठक में आदिवासी अगुवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदिवासियों की इतना ही चिंता थी, तो सरना धर्म कोड बिल, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 खतियान पर आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा में पारित कर राजभवन भेजा गया, उसे रोक क्यों दिया गया. अगुवा ने कहा कि आदिवासियों के डीलिस्टिंग के मुद्दे पर मोदी चुप क्यों रहे, हसदेव जंगल की नीलामी कर आदिवासियों को उजाड़ने पर क्यों नहीं कोई बयान दिए, मणिपुर पर चुप्पी क्यों, मध्यप्रदेश में हुए पेशाब कांड पर चुप क्यों रहे नरेंद्र मोदी, झूठ सच बोल कर झारखंड के भोली भाली जनता को अब मूर्ख नहीं बना सकते.



### पीएम मोदी बताएं अच्छे दिन कब आएंगे : प्रेमशाही

आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जरा बता दिजिए अच्छे दिन कब आएंगे. हमारी आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है. फिर भी आदिवासी पिछड़ा गरीब, मजदूर बना है. झारखंड में सबसे ज्यादा राज करने वाला पार्टी भाजपा ही रही, लेकिन आदिवासी दबा कुचला ही रहा. हम आज भी विस्थापन, जल-जंगल-ज़मीन पर कब्ज़ा, फ़र्जी मुक़दमेबाज़ी, मुठभेड़ और भुखमरी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं.

### महंगाई व बेरोजगारी पर क्यों नहीं बोलते मोदी : अजय

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की कई समस्याएं हैं, जिनकी मांगे सालों से आदिवासी करते रहे हैं. आदिवासी सरना कोड, पेसा कानून, सीएनटी एक्ट से छेड़छाड पर रोक, आदिवासी की पलायन पर रोक लगे, ट्राइबल सब प्लान का पैसा सीधे ग्राम सभा को उपलब्ध कराया जाएगा. राज्य में ट्रैफिकिंग पर रोक लगाना छोड़ कर जुमले बाजी कर रहे हैं नरेंद्र मोदी. आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, पर प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोल रहे हैं. वर्ष 2014 में जब गैस सिलिंडर का दाम चार सौ रुपये था, तब पूरे देश में आंदोलन कर रहे थे और अब दाम 11 सौ पहुंच गया है तो बोल नहीं रहे हैं. तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री चाईबासा की सभा में झारखंड और कोल्हान के लिए कुछ नहीं बोले, पिछले दस साल में जो काम किया, उसे जनता को बताना चाहिए था.

### 2014 के सारे वादे क्या हुए मोदी जी : कुंदरसी

अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की कुंदरसी मुंडा ने प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि 2014 में अच्छे दिन का वादा किया था, उसका क्या हुआ? दो करोड़ हर साल नौकरी, सस्ता पेट्रोल-डीजल और विदेशों से काला धन लाकर सभी को 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया था, जो जुमला साबित हुआ.

### हसदेवा जंगल पर क्यों नहीं बोलते प्रधानमंत्री : निरंजना

जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की अध्यक्ष निरजना हेरंज ने कहा कि मोदी सरकार जुमलेबाज सरकार है. हसदेव जंगल से हजारों आदिवासियों को उजाड़ने का काम किया है. कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों को उजाड़ा नही. लोहरा समाज के अध्यक्ष अभय लोहरा ने बताया कि बीते दस वर्षों से प्रधानमंत्री देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं.

### आदिवासियों की नहीं, केवल अडाणी और अंबानी की फिक्र है : लक्ष्मी नारायण मुंडा

आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासियों के हक अधिकार की बात नहीं करते. उनकी रक्षा की बात नहीं करते, पलायन पर रोक हो उस पर बात नहीं करते. गांव जंगल में रहने वाले आदिवासियों की दशा कैसे सुधरे वो बात प्रधानमंत्री नहीं करते. सिर्फ कैसे अपने अजीज मित्र अडाणी, अंबानी को आदिवासी की जमीन लूट कर दें, ये फिक्र करते रहते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### निरंकारी फाउंडेशन का रक्तदान शिविर लगा

**रांची।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन बुध विहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 105 निरंकारी भक्तों ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें जांच के बाद 66 यूनिट सदर हॉस्पिटल की टीम ने रक्तदान कराया. मालूम हो युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह सदैव ही समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे और उनके उपदेशों को मानते हुए 1986 से लगातार रक्तदान कैंप का सिलसिला जारी है. बाबा हरदेव सिंह ने कहा था कि इंसानी रक्त मानव की नाड़ियों में बहना चाहिए, न कि नालियों में, उनके उपदेश पर ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन प्रति वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करता है.

### कार्ल मार्क्स के विचार आज भी प्रासंगिक हैं

**रांची।** भाकपा के राज्य कार्यालय सभागार में रविवार को कार्ल मार्क्स की 206वीं जयंती मनाई गई. राज्य कार्यकारणी सह रांची जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कार्ल मार्क्स की लिखी और कही बातें सत्य साबित हो रही हैं. पूंजीवादी व्यवस्था आमजन का खून चूस रही है. सरकार 80 प्रतिशत आबादी की बात न कर पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है. आवश्यक खाद्यान्न और रोजमर्रा की जीवन में इस्तेमाल होनेवाली चीजों की कीमतें बढ़ती जा रही हैं. ऐसी वस्तुएं कभी भी टैक्स के दायरे में नहीं आती थीं, लेकिन सरकार ने अब उन सभी वस्तुओं पर टैक्स लगा दी हैं, जिससे कीमतें और बढ़ गयी हैं. ऐसा कर सरकार पूरी तरह से कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचा रही है.

पत्थलकुदवा इस्लामनगर की पानी टंकी सात साल से बदहाल

# बूंद-बूंद को तरस रही 8000 की बड़ी आबादी, निगम मौन

**रेहान अहमद। रांची**

पत्थलकुदवा इस्लाम नगरवासी वर्षों से पानी की गंभीर समस्या झेलने को मजबूर है. क्षेत्रवासियों ने नगर निगम समेत अन्य विधायक मंत्रियों को जल संकट की स्थिति से अवगत कराया. किंतु समाधान हेतु कोई रास्ता नहीं निकला. फिर लोगों ने 2009 में पूर्व राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी से संपर्क किया. उन्होंने गरीबों के समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पत्थलकुदवा इस्लाम नगर को गोद ले लिया. गोद लेकर उन्होंने 15 लाख की लागत से क्षेत्र में ही एक लाख लीटर छमता वाला जल मीनार का निर्माण कराया. पास में ही डीप बोरिंग करा मोटर लगवाया. इस तरह 2009 की गर्मी से ली लोगों को पानी मिलना शुरू हो गया. लेकिन अतिक्रमण हटाओं अभियान में इस्लाम नगर पूरी तरह से उजड़ गया. फिर लोगों के रहने का आशियाना बिखर गया. इसे फिर से रूप देने में पूर्व राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने मुख्य भुमिका अदा की. आज इस्लामनगरवासियों के लिए उसी जगह सरकारी पहली पर इमारत बना कर दिये जा रहे हैं.

मालूम हो वर्तमान में परिमल नाथवानी आंध्र प्रदेश के राज्यसभा सांसद हैं. इस कारण वे झारखंड नहीं आ पाते हैं. उनकी बनायी जल मीनार पिछले सात साल से खराब है. सरकारी पहल पर यहां सप्लाई पानी का पाइप लाइन तो 2 वर्ष पूर्व ही बिछाया गया है. लेकिन उसमें पानी आज तक नहीं दिया गया है. साथ ही 4 मिनी एचवाईडीटी लगे हैं. लेकिन सभी से पानी नहीं मिलता हैं. पानी की भारी परेशानी शुरू हो गई है.



### जलमीनार ठीक होने से बड़ी आबादी को मिल सकेगा पानी : मो शकील



हमदर्द कमेटी इस्लाम नगर के अध्यक्ष मो शकील ने कहा कि सात साल से जल मीनार खराब है, पूर्व राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने इसे अपने कोष से बनवाया था. आज वे झारखंड में नहीं हैं. निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

### पानी की बहुत परेशानी है, खराब जलमीनार बनानी जरूरी : साजदा



मोहल्ले की रहनेवाली साजदा खातून ने कहा कि पानी की परेशानी है. गर्मी में पानी के लिए यहां वहां भटकने को मजबूर होना पड़ता है. यदि यह जल मीनार बन जाए, तो पूरे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी.

### सरकारी पह पर सप्लाई पाइप बिछा मगर, पर पानी नहीं मिला : तसलीम



मो तसलीम ने कहा कि सरकारी पहल पर पानी के लिए क्षेत्र में सप्लाई पानी का पाई बिछाया गया है. पर उसमें पानी नहीं है, इस कारण गर्मी बढ़ते ही जल संकट गहराने लगता है. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है

### चार एचवाईडीटी हैं, पर जलस्तर गिरने के कारण पानी की परेशानी : मो सोनू



मो सोनू ने कहा कि क्षेत्र में चार मिनी एचवाइडीटी हैं. लेकिन इनका जल स्तर काफी गिर गया है, पानी की काफी कमी हो गई है. इसमें सुधार लाने की जरूरत है, ताकि लोगों को जल संकट से हल मिले.

लोगों ने कहा कि कई बार नगर निगम में ज्ञापन दिया कि खराब जल मीनार के मोटर को बदल दिया जाये तो यहां की 8000 की आबादी को कम खर्च पर पानी मिल जाएगा, मगर नगर निगम का इस ओर कोई ध्यान नहीं है.

# हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों ने हेमंत को आईना दिखाया : प्रतुल

- हेमंत सोरेन के घर में 36 लाख रुपये की रिकवरी की दलीलों को हाईकोर्ट ने असमर्थनीय माना

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों ने हेमंत सरकार को आईना दिखाया है. प्रतुल रविवार को मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में में बोल रहे थे. कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए जो याचिका दाखिल की थी, उसे हाईकोर्ट ने न सिर्फ खारिज किया बल्कि मुख्यमंत्री द्वारा राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवक्किल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी. हाईकोर्ट ने अपनी तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटाये हैं, प्रथम दृष्टया उसमें हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है. हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में ईडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपए की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया. कोर्ट ने हेमंत सोरेन द्वारा इसे अपने माता-पिता के इलाज के लिए जमा किए गए पैसे रखने की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना.



### भ्रष्टाचार व लूट के दलदल में फंस गई है सरकार

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गई है. झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी. प्रतुल ने कहा कि जिस पार्टी ने सिर्फ तुष्टिकरण के सहारे साढ़े चार वर्षो तक राजनीति की. उनके ही कार्यकाल में हिंदू फल दुकान लिखने पर जेल,सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय बना दिया गया,एक आईएएस अफसर खुद को मुस्लिम अधिकारी बताते रहे, विधानसभा में बिना मांग के नमाज स्थल बना दिया, लव जिहाद की घटनाएं बढ़ी. अब वह भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगा रही है.

**न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा :** प्रतुल ने कहा, इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआई की जांच के आदेश को चुनौती दी थी. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंतत राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गई और सीबीआई जांच जारी रहेगी. स्पष्ट है कि जो हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है.

## अपने घर पार्टी का झंडा लगायें भाजपा समर्थक : महेश पोद्दार

- भारत निर्वाचन आयोग को भेजे अनुरोध पत्र से स्थिति स्पष्ट हुई

**संवाददाता। रांची**

पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने भाजपा समर्थकों से अपने घर व दुकानों पर पार्टी का झंडा लगाने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि अपने खर्च पर अपनी दुकान या घर के बाहर या छत पर भाजपा के तीन झंडे लगाएं. उन्होंने कहा कि नियमों को लेकर पहले स्थानीय अधिकारियों में कुछ भ्रम की स्थिति थी. लेकिन निर्वाचन आयोग ने अपने पत्र से



स्थिति स्पष्ट कर दी है. पोद्दार ने कहा कि अब अगर कोई स्थानीय अधिकारी किसी नागरिक को अपने परिसर में झंडा लगाने से रोके, तो निर्वाचन आयोग के इस पत्र का हवाला दें. पत्र की प्रतिलिपि झारखंड के प्रदेश भाजपा कार्यालय में उपलब्ध है. मालूम हो कि महेश पोद्दार ने 16 अप्रैल को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करने के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजा था. इसमें उन्होंने लिखा था कि नागरिकों को अपने पसंदीदा उम्मीदवार या पार्टी का झंडा लगाकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी का अवसर मिलना चाहिए. उनके अनुसार कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने घरों पर झंडा लगाने वालों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा परेशान करने की शिकायत मिल रही है, इसलिए इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारियों को आम नागरिकों को परेशान करने से रोका जाए.

## लोस चुनाव को लेकर तैयारी व कमियों पर किया गया मंथन

- आईजी अभियान ने जोनल आईजी, डीआईजी व एसपी के साथ की समीक्षा बैठक

**संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आईजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक हुई. इसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए. इस दौरान चुनाव को लेकर की गयी तैयारी और कमियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही कई दिशा निर्देश भी दिए गए.

गौरतलब है कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर चौथे, पांचवे, छठवें और सातवें चरण में मतदान होना है. इनमें चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा. 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में पांचवे चरण का मतदान होगा. गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को छठवें चरण में मतदान होगा और राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को सातवें चरण में मतदान होगा. झारखंड में पांच सीटें एसटी और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है. राज्य में 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं. इनमें 22 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे.

वोट की राजनीति करना ही जेएमएम और कांग्रेस का उद्देश्य : सुदेश महतो

## व्यवसायी व युवा आजसू पार्टी में शामिल

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

चुनाव और वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य रह गया है. जेएमएम- कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को हैं. इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और सहा. अब वादाखिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है. उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं. इस दौरान मैट्रिक्स क्रॉप केअर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सतेंद्र कुमार नारायण समेत कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.



सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है. और इसने इतिहास बना दिया है. सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है. जिसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं. राज्य में चौतरफा निराशा है. केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में एक सफल मुकाम हासिल करने के बाद वापस जमीन से जुड़कर काम करने की इच्छाशक्ति बहुत कम लोगों में होती है.

### चंद्र प्रकाश चौधरी आज दाखिल करेंगे नामांकन

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे. बोकारो के जैना मोड़ स्थित बांधडीह स्कूल मैदान में जनसभा भी होगी. इसको भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार अध्यक्ष सम्राट चौधरी, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो समेत गठबंधन के कई नेतागण संबोधित करेंगे.

## मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर डाला गया प्रकाश



**संवाददाता। रांची**

सेल ने रविवार को अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सेल सैटेलाइट टाउनशिप के इस्पात कार्यपालक छात्रावास में स्वास्थ्य वार्ता व योग सत्र आयोजित किया. डॉ. जेके रथ, इस्पात हॉस्पिटल के पूर्व सीएमओ व योग विशेषज्ञ रितु रूंगटा ने स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र में सेल कर्मियों को स्वास्थ्य के नुस्खे दिए. सेल, सीईटी के कार्यपालक निदेशक एसके वर्मा ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला. डॉ. रथ ने अच्छे आहार और नियमित व्यायाम के अलावा मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को शुरुआती अवस्था में ही रोकने के लिए शीघ्र निदान व उचित चिकित्सा देखभाल पर जोर दिया.

**लोकसभा चुनाव** रांची लोकसभा क्षेत्र के लिये छठे चरण में 25 मई को होना है मतदान

# सीज गाड़ियां जमा करने की आज आखिरी तारीख

**संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा क्षेत्र के लिये छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है. जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है. रांची जिले में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के कुछ मांडर और तमाड़ विधानसभा के भी कुछ क्षेत्र आते हैं जहां मतदान 13 मई को होना है. इन क्षेत्रों में सेक्टर पदाधिकारी, ईवीएम और पोलिंग पार्टी को निर्धारित मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए गाड़ियों की जरूरत होती है. रांची डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि चुनाव कराने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था लगभग हो चुकी है. इन वाहनों में स्कॉर्पियो, सूमो और इनोवा शामिल हैं. अब तक जिले



में लगभग 200 कार सीज की गई हैं. साथ ही पोलिंग पार्टी के लिए बस की आवश्यकता होती है. इसके लिए स्कूलों से बसें ली जा रही हैं. वहीं प्राइवेट बसें सीज की जा रही हैं.

सुरक्षा बलों के लिए लगभग 150 प्राइवेट बसें उपयोग लाई जानी हैं. इन बसों को 25 अप्रैल तक पुलिस लाइन में जमा करना था. जिस किसी भी बस का अधिग्रहण आदेश निकाला गया है, उसे विभाग ने संशोधित करते हुए 5 मई किया है. जिला प्रशासन ने कहा है कि अपने-अपने वाहन 5 मई की सुबह 10 बजे से लेकर 6 मई की सुबह 8 बजे तक पुलिस लाइन, रांची में जमा करनी है. वाहन अधिग्रहण आदेश अथवा आवश्यकता अनुसार किसी भी तिथि के अनुसार वाहन जमा करने के आदेश में लापरवाही या उक्त आदेश की अवमानना को चुनाव अपराध के रूप में लिया जायेगा एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 167 के अंतर्गत एक वर्ष का कारावास एवं जुर्माना अथवा दोनों के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज कर वाहनों को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी.

### कब से कब तक होगी गाड़ी जमा

रांची जिले में जिन वाहन मालिकों की गाड़ी को सीज किया गया है उन्हें 10 से 14 मई और 23 से लगभग 26 मई तक चुनाव कार्य के लिए गाड़ियां देनी होगी. इसके लिए कार मालिकों को 1470 रुपये प्रतिदिन और बस मालिकों को 3500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराया दिया जाएगा.

### दूसरे जिलों को दी गई हैं बसें

रांची डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि चुनाव कार्य के लिए रांची से दूसरे जिलों को 400 बसें दी गई हैं. इसमें लोहरदगा को 80, सिमडेगा को 120, गुमला और खूंटी को 100-100 बस दी गई हैं. उन्होंने बताया कि रांची जिले के लिए 150 प्राइवेट बसों की आवश्यकता होगी.

## ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**

रांची रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की टीम ने आज रविवार की सुबह 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की है. जानकारी के अनुसार, तस्कर रांची रेलवे स्टेशन पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करने पहुंचे थे. लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया. बाद में आरपीएफ ने तीनों तस्करों को चुटिया थाना की पुलिस के हवाले कर दिया.

आरपीएफ को सूचना मिली थी कि रांची रेलवे स्टेशन पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करने कुछ लोग ट्रेन से आने वाले हैं. आरपीएफ की टीम स्ट्रेशन पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर



रख रही थी. आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया. उनके पास से 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर भी बरामद हुआ है, जिसका बाजार मूल्य करीब 12 लाख बतायी जा रही है. आरपीएफ ने बताया कि यह गिरोह तीन पार्ट में ब्राउन शुगर का काम करता है. पहला रांची से बस पकड़कर सासाराम पहुंचता है. बड़े पैमाने में ब्राउन शुगर की डिलीवरी सासाराम में होती है. फिर तस्कर सासाराम से ब्राउन शुगर खरीदते हैं और ट्रेन से रांची आते हैं. रांची में सक्रिय ड्रैग पैडलर को ब्राउन की सप्लाई करके गुप्त ठिकानों पर चले जाते हैं.

**प्रवचन :** बूटी के टंगरा विश्वनाथ शिव मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का तीसरा दिन

# जीवों की रक्षा करने की शिक्षा देता है सनातन धर्म : शिवानी कृष्णा

संवाददाता।रांची

सनातन धर्म सभी जीवों की रक्षा करने की शिक्षा देता है. इस आशय का उद्गार श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथावाचिका शिवानी कृष्णा शुक्ला ने व्यक्त किया. बूटी के टंगरा विश्वनाथ शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शिवानी कृष्णा ने कहा कि सत्य ही सनातन है, बाकी पंथ हैं.

उन्होंने कहा कि सत्संग के बिना जीवन अधूरा है. भगवत प्राप्ति की व्याकुलता अगर जीवन में आ गई है तो यह जीवन की सबसे बड़ी



उपलब्धि है. मनुष्य को स्वयं पर और अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रख कर स्वार्थ से ऊपर उठ कर स्वकर्तव्य को पूरा करना चाहिए. यही मनुष्य का सच्चा कर्म है. कथावाचक ने कहा कि सच्चा कर्म जब होता है तो वही भक्ति में परिवर्तित हो जाता है. हरि शरणं नाम का जाप जीवन की सभी व्याधियों को दूर कर देता है. इस कारण हर मनुष्य को सुबह उठ कर हरि शरणम् का जाप करना चाहिए. उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने की इच्छा करने मात्र से ही श्री हरि हृदय में बस जाते हैं. प्रभु की कृपा से सब कुछ संभव है. उनके प्रसाद में करुणा है, जिससे तनाव दूर होता है. गीता के श्रीकृष्ण मानव को कर्म सिखाते हैं. तीन गुणों में सतोगुण सर्वश्रेष्ठ कर्म है. इसमें परमार्थ समाया रहता है. सतोगुणी अपनी चिंता छोड़ कर दीन-दुखियों की सेवा में जुटा रहता है. तमोगुणी परलोक की परवाह नहीं करता है. रजोगुणी एश्वर्य पर नजर लगाए रहता है. कथा के समापन पर आरती हुई. इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ. इससे पूर्व बाबा विश्वनाथ शिव मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों एवं मुख्य यजमान ने व्यास पीठ की आरती उतारी. कथा स्थल पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरसिंह प्रसाद, सचिव बब्लू सिंह, सदस्य विनोद कुमार सिन्हा, ललन, प्रवीण कुमार, विनय रंजन जायसवाल, अरुण मेहता, विभाष तिवारी, अभिमन्यू सिन्हा, सनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, विभाष तिवारी, भागीरथ सिंह, रमन द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे

रविवार को भी खुला रहा रांची डाक मंडल कार्यालय

# डाक विभाग ने लोगों के घरों तक पहुंचाए 10 हजार वोटर आईडी कार्ड

संवाददाता।रांची

राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरशोर से चल रही है. चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोगों से मतदान कराने की तैयारी निर्वाचन आयोग ने कर रखी है. आम नागरिकों की सुविधा के लिए रविवार को भी रांची डाक मंडल कार्यालय खुला रहा. रांची और खूंटी जिला में लोगों के घर तक वोटर कार्ड भेजा गया. रांची मंडल के अंतर्गत आनेवाले इलाकों में डाकियों के सहयोग से लोगों के घरो तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचाया गया. डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने कहा कि डाक विभाग को निर्वाचन आयोग का लगभग 53 हजार



वोटर आईडी कार्ड वितरित करना है. सभी कार्ड को जीपीओ के मदद से लोगों के घरों तक तक पहुंचाना है. रविवार को डाकिया और जीडीएस भाइयों की मदद से लगभग 10 हजार वोटर आईडी कार्ड लोगों के घरों तक पहुंचाए गए. अब आमलोगों को मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए.

## ब्रीफ खबरें

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने रातू में लगाया प्याऊ

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने आज रविवार को रातू ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया. निशुल्क प्याऊ लगने से इस भीषण गर्मी में स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों सहित अन्य लोगों को स्वच्छ एवं शीतल जल मिलेगी. निशुल्क प्याऊ की शुरुआत से पहले विधिवत पूजन किया गया. इस वर्ष भी दो महीने यानी ग्रीष्म ऋतु तक लोगों के लिए निशुल्क पेयजल की व्यवस्था करायी जा रही. कार्यक्रम में समूह शाखा रांची की ओर से रणजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार, गिरेन्द्र नाथ शाहदेव, रोहित कुमार सिंह, सौरभ कुमार, समर सिंह, यदुनाथ शाहदेव, रितिका शाहदेव सहित मोहल्ले के लोग शामिल हुए.

### रांची जिला सीनियर वुशू प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** रांची जिला वुशू प्रतियोगिता रविवार को मोराबादी स्थित वुशू हॉल में संपन्न हुआ. सीनियर वर्ग के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में रांची के लगभग 100 सीनियर खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनके लिए अलग अलग भार वर्ग के लिए प्रतियोगिता कराया गया. प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि रुप में आरईओ के सुबोध कुमार यादव सहित झारखंड वुशु एसोसिएशन के शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश गुप्ता समेत अन्य लोग शामिल थे. प्रतियोगिता के सफल संचालन में दीपक गोप, सुशील कच्छप, रत्नेश गुप्ता, वाहिद अली, कार्तिक राम, और बिमला टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ गो परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव, संगीतमय भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# सुकरहुटू में बही भक्ति की गंगा

संवाददाता।रांची

गो माता सेवा समिति रांची के तत्वावधान में रविवार को सुकरहुटू कांके गोशाला में नवनिर्मित श्री गोपाल कृष्ण जी के गो परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें दिनभर भक्ति की गंगा प्रवाहित होती रही. इस अवसर पर भगवान के विग्रह, मंदिर परिसर एवं श्री कृष्ण गोपाल का सुगंधित पुष्पों से अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, महाभोग प्रसाद भंडारा, भजन कीर्तन, महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

महोत्सव का शुभारंभ सुबह नौ बजे श्री गणेश जी के आवाह्न एवं श्री गोपाल प्रभु का धार्मिक अनुष्ठान एवं पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर फल, मेवा, मिठाई का भोग अर्पित किया गया तथा पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर महाप्रसाद का भोग लगाया गया.

इस महोत्सव में श्री हनुमान मंडल, श्री श्याम मंडल सहित कई भजन मंडलियों के गायकों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ कर भजनों की अमृत वर्षा की गयी. भजन गायक मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, विजय खोवाल, श्रवण अग्रवाल, वी.डांगा सहित कई भजन गायकों ने अपनी सुमधुर भजनों की गंगा प्रवाहित कर भगवान श्री कृष्ण के श्री चरणों में भजनों की लड़ी लगा दी. उनके गाए भजनों में प्रमुख हैं

प्रेम का तिनका जोड़ झोपड़ी बनी दीवानी की.., सांवरे की महफिल को सांवरा सजाता है..,मेरी झोपड़ी के भाग्य आज जाग जाएंगे श्याम प्रभु आएंगे.. सुनो सुनो हनुमान जी एक जरूरी काम जी राम प्रभु से करवा दे भक्तों की पहचान जी. पूरा मंदिर परिसर का वातावरण मधुर भजनों से कृष्णमय हो गया, जहां फूलों की वर्षा की गई. संगीतमय भजनों से श्रोता भक्तगण भाव विभोर होते हुए खूब झूमे. महोत्सव में सैकड़ो भक्तों ने भंडारा महाप्रसाद का भोग ग्रहण किया. सामूहिक रूप से महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ.



**खास बातें**

- श्री गणेश के आवाहन के साथ प्रारंभ हुए विभिन्न अनुष्ठान
- वैदिक मंत्रोच्चारके साथ हुई गोपाल की पूजा-अर्चना

**गो माता सेवा समिति ने किया अभिनंदन**

गो माता सेवा समिति ने महोत्सव में आए सभी आगंतुक अतिथियों सहित रांची गोशाला न्यास समिति, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल युवा सभा के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं भोग प्रसाद देकर अभिनंदन किया. समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महोत्सव में समिति के संरक्षक राजकुमार गाड़ोदिया, महोत्सव संयोजक अशोक गाड़ोदिया, अध्यक्ष प्रमोद बजाज, सचिव मुकेश पोद्दार, विधायक सीपी सिंह, प्रदीप राजगढ़िया, भागचंद पोद्दार, रतन जालान, सज्जन सर्राफ, पुनीत पोद्दार, राजकुमार केडिया, विष्णु



सोनी, सुरेश जैन, प्रकाश काबरा, संजय सर्राफ, अमर पोद्दार, विजय सरायका, दिलीप जालान, ललित पोद्दार, पवन बगड़िया, प्रदीप कनोई, मुरारी अग्रवाल, सूर्यो गोयनका, अमरजीत गिरधर, मुकेश काबरा, सज्जन पाड़िया, सतीश तुलस्यान, विजय खोवाल,राजेंद्र अग्रवाल, किशन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं भक्तगण उपस्थित थे.

अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की बैठक

# पेसा कानून हुबहू सख्ती से लागू किया जाए : बाना मुंडा

संवाददाता।रांची

अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कचहरी चौक स्थित आरआईटी बिल्डिंग कार्यालय में रविवार को जादो उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई. अध्यक्षता बाना मुंडा ने की. महासचिव जादो उरांव ने कहा कि आदिवासियों के रहन-सहन और रूढ़ीवादी परंपरा पर विचार विमर्श करने की जरूरत है. छोटानगपुर कास्तकारी अधिनियम 1908, पांचवी अनुसूची 1950 और पेसा कानून 1996 के अंतर्गत कानून व्यवस्था लागू है. लेकिन इसके बावजूद झारखंड में आदिवासी समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है. अध्यक्ष बाना मुंडा ने कहा कि सीएनटी /एसपीटी एक्ट लागू है, फिर भी आदिवासियों की जमीन की खरीद-बिक्री धड़ल्ले से हो रहा है. आदिवासियों के जल, जंगल व जमीन की लूटसोट जारी है. आदिवासी बहुल क्षेत्र में पांचवी अनुसूची लागू है. इन क्षेत्रों में आदिवासियों की जनसंख्या तेजी से घट रही है. राज्य में पेसा कानून को सख्ती से लागू किया जाए, तभी आदिवासी समाज को उसका हक, अधिकार मिल सकेगा और उनकी संस्कृति को बचाया जा सकता है.बैठक में बाना मुंडा के अलावा अजय लिंडा, बंधु कच्छप, जयराम किस्पोट्टा, प्रदीप लकड़ा, दीपक समेत परिषद के दर्जनों सदस्या शामिल थे.

# परशुराम जन्मोत्सव 10 मई को बच्चों के बीच हुईं प्रतियोगिताएं

संवाददाता।रांची

मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची की ओर से 10 मई को आयोजित होने वाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व सभा द्वारा समाज की महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं आयोजित की गई. आयोजन रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में किया गया. मौके पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए. प्रतियोगिताओं में भाषण, लेखन, कुर्सी दौड़ एवं फैंसी ड्रेस के आयोजन हुए. महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ की प्रतियोगिता हुई, विभिन्न स्कूलों की शिक्षिकाएं शामिल हुई. शिक्षिका अनुभा शर्मा, रश्मि शर्मा, स्नेहा शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई. समस्त कार्यक्रमों में सभा अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, मंत्री कृष्ण लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर, संयोजक अशोक पुरोहित, सुनील शर्मा, सह संयोजक नथमल शर्मा, अमित सारस्वत, कमल शर्मा, मनीष शर्मा, चेतन माटोलिया, महिला समिति की ममता शर्मा, अनीता शर्मा, खुशी शर्मा, अमृता शर्मा, नीलम शर्मा, बिंदु शर्मा, पिंकी शर्मा समेत सभा की सभी पूर्व एवं वर्तमान कार्यकारिणी की सभी सदस्य शामिल थीं. विजयी प्रतिभागियों को परशुराम जन्मोत्सव के दिन पुरस्कृत किया जायेगा.

विश्व हास्य दिवस पर योग गुरु के साथ बच्चों ने बिताये रोचक पल

# आईआईटी की तैयारी कर रहे बच्चों को बताये गये स्ट्रेस कम करने के तरीके

संवाददाता।रांची

खंडेलवाल क्लासेज रांची में निदेशक केके खंडेलवाल के अनुरोध पर रविवार को हास्य योग गुरु अजीत कुमार ने विश्व हास्य दिवस पर आईआईटी की तैयारी कर रहे बच्चों को हास्य योग की कई क्रियाएं कराईं. सभी छात्र -छात्राओं के तनाव को कम करने का प्रयास किया गया. सभी बच्चों ने भरपूर हास्य योग का आनंद लिया. कुमार ने हास्य योग की विशेषता बताते हुए हमेशा हंसते-मुस्कुराते हुए पढ़ाई करने की सलाह दी. कहा कि सकारात्मक ऊर्जा मिलने से बच्चे पढ़ाई ठीक से कर सकेंगे.

कार्यक्रम की शुरुआत योग गुरु सूरज व हास्य साधक जेएन गुप्ता ने संयुक्त रूप से गायत्री मंत्र से किया.



भारत के हास्य गुरु जितेन कोही के मार्गदर्शन में "हंसता भारत- स्वस्थ भारत" का संदेश के साथ देश - विदेश में हास्य योग क्रियाएं निःशुल्क कराई जा रही हैं. कुमार ने प्रणाम हास्य, शिकायत, प्रशंसा, पंछी, बैलून, बेली, लस्सी, फोटो फ्रेमिंग, शाबसी, सेल्फी जैसी कई हास्य क्रियाएं कराईं. बता दें कि कुमार को 23 मार्च को पुणे में आयोजित राष्ट्रीय हास्य योग अवार्ड समारोह में "बच्चों के साथ हास्य योग" कैटेगरी में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था, जो झारखंड राज्य के लिए पहला पुरस्कार था. अंत में शांति पाठ कर सभी बच्चों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी गईं.

# 1500 श्रद्धालुओं ने लिया श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद

संवाददाता।रांची

श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति के सौजन्य से रविवार को 148 वें अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में अवस्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं सचिव मनोज कुमार चौधरी की देखरेख मे संस्था की वरिष्ठ सदस्य बिमला जालान, सत्यभामा देवी, संतोष देवी अग्रवाल तथा सरोज पोद्दार के द्वारा अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन किया गया. इसके बाद विधिवत वितरण प्रारंभ किया गया. भंडारे के प्रसाद में

पूड़ी, आलू-टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर, वेजिटेबल खिचडी, जलजीरा का बोतलबंद जूस, चिप्स एवं प्रत्येक व्यक्ति एक लीटर मिनरल वाटर की व्यवस्था की गयी थी. भंडारे की सेवा में संस्था के



अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पूर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, नन्द किशोर चौधरी, पवन पोद्दार, विशाल जालान, प्रभाष गोयल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, चिरंजीलाल खंडेलवाल, अंजनी अग्रवाल, चन्द्रदीप साहु, हरीश कुमार, प्रेम कुमार, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या उर्मिला पाडिया एवं संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित थे.

### रांची में 10 मई से सुपर स्टार जादूगर शो शुरू

**रांची।** रांची में एक बार फिर लोगों के मनोरंजन के लिए जादूगर का शो होगा, जिसमें चमत्कारों का प्रदर्शन होगा. यह कार्यक्रम वेंडर मार्केट में 10 मई से शुरू किया जाएगा. जापान में सुपर हिट हाउसफुल मैजिक करने वाले महान शोमैन जादूगर जे. कुमार रविवार को रांची पहुंच गये हैं. कचहरी रोड स्थित वेंडर मार्केट के फोर्थ फ्लोर पर विश्व प्रसिद्ध इंद्रजाल मैजिक शो का शुभारंभ होगा. शो के प्रचार-प्रसार की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं. जादूगर के प्रतिनिधि मदन भारती ने बताया कि शो में अलग-अलग जादुई करतब दिखाया जाएगा. उन करतबों में स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी का गायब होना, मंच पर हेलीकॉप्टर का यात्री समेत प्रकट होना , नोटों की बरसात, लड़की का खूंखार जानवर बनना आदि अनेक करतब दो घंटे के शो में दिखाया जाएगा. हास्य भरे करतब भी शो में होंगे. इसके साथ ही सामाजिक जनसंदेश भी दिया जाएगा.

# झारखंड के 30 आदिवासी छात्रों के बीच स्कॉलरशिप वितरित



संवाददाता।रांची

जनजातीय डिजाइन मंच के तत्वावधान में रविवार को ट्राइबल डिज़ाइन फोरम घाटशिला ने रविवार को रांची प्रेस क्लब में 30 आदिवासी छात्रों के बीच स्कॉलरशिप का वितरण किया. सभी विद्यार्थियो को एसएससी की तैयारी करने के लिए वनपीक्यू एप, स्टेडी मेटेरियल और सर्टिफिकेट दिये गये. इस मौके पर संयोजक श्यामलाल मुर्मू ने कहा कि झारखण्ड से कुल 30 एसएससी अभ्यर्थियों को एसएससी परीक्षा की तैयारी के लिए स्कॉलरशिप प्रदान किया गया है. भारत के 19 राज्यों के 44 जनजातीय समुदाय से कुल 161 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था. जिसमें झारखंड के 30 विद्यार्थी शामिल हुए. ऐसे युवा अभ्यर्थियों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना है. जिन्हें आर्थिक चुनौतियों या पाठ्यसामग्री की अनुपलब्धता के कारण एसएससी परीक्षा की तैयारी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ट्राइबल डिज़ाइन फॉर इंडिया देश के सभी जनजातीय समुदाय के युवा डिज़ाइनरों और क्रिएटिव प्रोफेसशनल्स का समूह है, जो डिज़ाइन कार्यप्रणाली को आधार बना कर जनजातीय समुदाय के समस्याओं के समाधान के दिशा में काम करती है. जनजातीय समाज में शिक्षा को प्रोत्साहन देने का प्रयास करता है.

**शिक्षा क्षेत्र** पासवा ने झारखंड के निजी स्कूल संचालकों व प्राचार्यों के साथ बैठक की

# आरटीई की कठिन शर्तों को तत्काल राज्य सरकार रद्द करे: दुबे

संवाददाता।रांची

संपूर्ण झारखंड के निजी स्कूलों के संचालकों और प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पासवा के हरमू स्थित कार्यालय में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने की.मौके पर निजी विद्यालय संचालकों ने 2019 में पिछली सरकार द्वारा जमीन संबंधी बाध्यता कानून को लेकर मूल आरटीई कानून में किए गए संशोधन को निरस्त करने का आग्रह राज्य सरकार और सभी राजनीतिक दलों से किया. दुबे ने कहा राजनीतिक दलों ने अगर अपने घोषणा पत्र में आरटीई कानून संशोधन निरस्त



करने का प्रस्ताव नहीं लाया, तो राज्य के 47 हजार निजी विद्यालयों के प्रिंसिपल, डायरेक्टर वहां काम करने वाले लाखों शिक्षक, कर्मचारी एवं अभिभावक झारखंड के लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे. बैठक में निजी विद्यालयों के निदेशक अरविंद कुमार,डॉ सुषमा केरकेट्टा, संजय कुमार,आलोक विपिन टोप्पो, राशीद अंसारी, मनोज कुमार भट्ट, अल्ताफ अंसारी, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा सहित कई अन्य ने अपनी बात रखी.

निजी स्कूल संचालकों ने बैठक में राज्य सरकार से आग्रह किया गया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय संचालन की अनुमति सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक दी जाए. अभी से ही पूरी तरह से स्कूल बंद कर देना कहीं से भी उचित नहीं है. अगर लगातार स्कूल लंबी अवधि तक बंद रह गये, तो लगभग 45 दिनों तक गर्मी छुट्टियां होंगी, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से बाधित होगी. अचानक रात में स्कूल बंद करने का अध्यादेश जारी करने से बच्चों को होमवर्क भी नहीं दिया जा सका, ताकि उनकी पढ़ाई जारी रहती. लेकिन अचानक स्कूल बंद कर दिए गए. अभिभावक परेशान हैं. अभिभावकों का कहना है कि यदि होमवर्क मिला होता, तो बच्चे उसे पूरा करने के बहाने ही पढ़ाई करते. लेकिन ऐसा न हो सका.

**पासवा अध्यक्ष बोले**

भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल सुबह 6 .30 से 09 .30 तक चलाने की अनुमित दे सरकार . अभी से गर्मी छुट्टी हुई, तो ध्वस्त हो जाएगी बच्चों की पढ़ाई और झारखंड की शिक्षण व्यवस्था .

उत्तरी-दक्षिणी छोटानागपुर व पलामू प्रमंडल स्तरीय प्रभारियों की नियुक्ति

# झारखंड राज्य कबड्डी संघ की बैठक में जिला संघों का निबंधन कराने का निर्णय

संवाददाता।रांची

कचहरी चौक स्थित होटल जेड थ्री में रविवार को झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता चंचल भट्टाचार्य ने की. बैठक में कबड्डी संघ के विभिन्न जिला के अध्यक्ष-सचिव के अलावा क्लब के अध्यक्ष व सचिव ने भाग लिया. सभी पदाधिकारियों ने जिला संघ व राज्य संघ के की मजबूती के लिए अपने-अपने सुझाव दिए. बैठक में दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार, जिला संघों का भी निबंधन कार्यालय से निबंधन करने का भी



निर्णय लिया गया. बैठक में संघ के अध्यक्ष तपन रावत, सचिव संजय कुमार झा, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, मनोज शर्मा, मोहम्मद हकीम, राजेश कुमार वर्मा, रामधीन साव, एमपी सिंह, तिलक साव, रमेश कुमार साव, जसवंत साहू, संतोष प्रसाद अनुपूर्ति, अंगद सिंह, श्यामल दास,दीपक तिवारी समेत अन्य लोग शामिल थे. मौके पर प्रमंडलीय प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई. दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से सुनील कच्छप व बीरबल लोहरा, पलामू प्रमंडल से दीपक तिवारी व मो अशफाक अहमद मुन्ना और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से मिंटू ठाकुर व मनोज शर्मा प्रभारी बने.

